पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार 8 जून, 2019 पेज 8



सैन्य अधिकारी सीएम से भेंट करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस की लोस चुनाव समीक्षा बैठक अब 18 जून को होगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. आरपी रतूड़ी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 10 जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की समीक्षा की प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अब उक्त बैठक 18 जून को 11.00 बजे से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी।

### जिला योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। विकासभवन सभागार में जिलाधिकारी एस.ए मुरूगेशन की अध्यक्षता में जिला योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों, आहरण वितरण अधिकारियों से विगत 5 वर्षों की वर्ष 2014 से 2018–19 तक वित्त वर्षवार प्रस्तावित बजट, अनुमोदित बजट, अनुमोदन के सापेक्ष कुल प्राप्त बजट व्यय एवं देनदारी, वचनबद्ध कार्यों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयाध्यक्षो एवं आहरण वितरण अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2019–20 प्रस्तावित बजट, दायित्वों एवं वचनबद्ध देनदारी का विवरण भी शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

### वित्त आयोग के अध्यक्ष ने किये केदार बाबा के दर्शन

**संवाददाता** देहरादून। भारत सरकार के 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह हेली सेवा से केदारनाथ धाम पहुंचे। एमआई 17 हेलीपैड से एटीवी वाहन की मदद से मंदिर तक पहुंचकर उन्होंने मंदिर के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। धाम में दर्शन करने के बाद अध्यक्ष ने धाम में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया गया। डीएम ने बताया कि सरस्वती घाट पर सुरक्षा का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### 500,000 से अधिक मर्चेंट्स पर भीम यूपीआई आधारित पेमेंट्स संभव बनाया

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहा कि इसने भारत में 500,000 से ज्यादा मर्चेंट प्वाईंट्स पर ओपन लूप भीम यूपीआई बेस्ड पेमेंट संभव बना दिया है, जिससे ग्राहक अपने मोबाईल फोन से भीम यूपीआई इनेबल्ड बैंक या पेमेंट्स ऐप का उपयोग कर वस्तु व सेवाओं के लिए डिजिटल भुगतान कर सकते हैं। मर्चेंट्स के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के पेमेंट समाधान के द्वारा ग्राहक अपने मोबाईल फोन से इंस्टैंट कैशलेस पेमेंट कर सकते हैं, जो सीधे उनके बचत बैंक खाते से होता है और इसके लिए उन्हें अपने पसंदीदा भीम यूपीआई इनेबल्ड ऐप के द्वारा मर्चेंट के क्यूआर कोड को स्कैन करना होता है।

# अधिकारियों को शत–प्रतिशत टीकाकरण करने के दिए निर्देश

**बैठक**

**संवाददाता**

पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर टास्कफोर्स की बैठक आयोजित

पल्स पोलियो अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा



पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर बैठक लेते डीएम।

देहरादून। जिलाधिकारी एस.ए मुरूगेशन की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में सघन पल्स पोलियो अभियान टीकाकरण कार्यक्रम की जिला टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पल्स पोलियो अभियान की उपलब्धियों की समीक्षा व महसूस की गई कठिनाईयों को मध्यनजर रख आगामी अभियान 16 जून से सम्बन्धित कार्ययोजना और जनपद स्तर से विकासखण्ड स्तर पर सम्बन्धित कार्मिकों का समय और विभिन्न प्रबन्धन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उत्तम सिंह चौहान ने गत अभियान 10 मार्च 2019 की उपलब्धियों, सामने आयी कमजोरियों और आगामी 16 जून 2019 को बूथ दिवस और 17 जून से 22 जून 2019 तक घर–घर जाकर अभियान को सफल बनाने हेतु किये गये प्रयासों से सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गत अभियान में 0–5 वर्ष तक के कुल 219716 बच्चों को दवा दी गयी। स्थिर बूथ, ट्रांजिट बूथ और मोबाइल बूथ सहित कुल 1234 बूथ स्थापित किये गये हैं। घर–घर जाकर ट्रांजिट टीम और मोबाइल टीम सहित कुल 933 सदस्य नियुक्त किये गये है। उन्होंने कहा कि 16 जून को प्रत्येक बूथ पर बूथ दिवस के दिन 0–05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलायी जायेगी तथा 17 जून से 22 जून 2019 तक चकराता व कालसी विकासखण्ड को छोड़कर घर–घर जाकर दवा पिलायी जायेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्थानीय अधिकारी डॉ विकास शर्मा ने पिछले अभियान में सामने आई मैनेजमैंट और संसाधन स्तर की कमियों गिनाई और उसे ठीक करने के सुझाव साझा किये। नई कन्स्ट्रक्शन साईट्स, मलिन बस्तियों, सुरक्षाकर्मी तैनाती वाली कॉलोनियों में अधिकतर बच्चे, पोलियो दवा से वंचित रह जाते है, उन पर अधिक फोकस किया जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न क्षेत्रीय प्रभारी अधिकारियों को मिस्ड एरिया पर फोकस करते हुए शत–प्रतिशत् टीकाकरण करने के प्रयास के निर्देश दिये। जहां भी बच्चों के पोलियो खुराक से वंचित होने की सम्भावना रहती है अथवा कोई ईश्यू आता है वहां स्वयं जाकर बातचीत करें, कन्वे करें और कॉलोनियों में भी हर हाल में अन्दर प्रवेश करते हुए पल्स पोलियो की दवा बच्चों को पिलवायें।

इस सम्बन्ध में यदि स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग भी लेना पड़े तो अवगत करा दें, किन्तु किसी भी प्रकार से कोई बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाये।

### पुलिसकर्मी के दुर्व्यवहार मामले में सीएम ने डीएम को दिए जांच के आदेश

**संवाददाता** देहरादून। केदारनाथ धाम में कथित रूप से एक परिवार के साथ पुलिसकर्मी द्वारा दुर्व्यवहार करने की खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग को घटना की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। केदारनाथ धाम में इस वर्ष अभी तक लाखों श्रद्धालु आ चुके हैं। कभी भी इस तरह की शिकायत नहीं मिली है। मुख्यमंत्री ने जिलाधकारी रूद्रप्रयाग को घटना की सत्यता की निष्पक्ष रूप से जांच करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग श्री मंगेश घिल्डियाल द्वारा बताया गया है कि संयुक्त मजिस्ट्रेट व सीओ केदारनाथ को संयुक्त रूप से जांच दे दी गई है, जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एवं अन्य लोगों से पूछताछ कर जांच की जाएगी। स्थानीय पुलिस द्वारा दी गई प्रारम्भिक रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 6 जून 2019 को श्री केदारनाथ यात्रा पर आए एक व्यक्ति द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है कि, वह और उसका परिवार जो कि श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन हेतु आया था। उनके साथ वहां पर नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट व अभद्रता की गई है ।

### सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में जनरल कमांडिग इन चीफ साउथ वेस्ट तथा कर्नल आफ द गढ़वाल राइफल एवं गढ़वाल स्काउट ले. जनरल चेरिश मैथसन ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने गढ़वाल राइफल सेन्टर लेंसडाउन में भैरवगढ़ी पेय जल योजना के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। गढ़वाल राइफल द्वारा गढ़वाल की समृद्ध संस्कृति रीति रिवाजों को महत्व देते हुए इस दिशा में भी पहल की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का देहरादून में सेना से जुड़े कार्मिकों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा के लिए स्थापित हॉस्टल के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने इस हॉस्टल में सेना से सभी अंगों के सैन्य कर्मियों के बच्चों को आवासीय व शिक्षण की सुविधा दिये जाने की बात कही।

# नदी–नालों की धारा नकारात्मक रूप से प्रभावित ना हो

**बैठक**

■नदियों से उपखनिज उठान, चुगान को टेण्डरिंग प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक

देहरादून। **संवाददाता**



एडीएम अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में रिवर ट्रेनिंग नीति के तहत् विभिन्न नदियों एवं नालों से उप खनिज उठान, चुगान हेतु टेण्डरिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग चाहने वाले लोगों की प्री–बिडिंग बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया कि बरसात से पूर्व जनपद की विभिन्न छोटी नदियों और नालों में जमा आरबीएम (उप खनिज) बरसात से पूर्व उठाया जाना है, जिससे नदियों के किनारे में कटाव न हो और जानमाल की हानि न हो। इसी मद्देनजर बरसात पूर्व नदी–नालों में डम्प अवशेष उप खनिज का चुगान/उठान मानक के अनुसार किया जाना है, जिससे परिस्थितिकी पर भी कोई विपरीत अवसर न पड़े साथ ही नदी–नालों की धारा नकारात्मक रूप से प्रभावित भी ना हो। बोली में प्रतिभाग चाहने वालों को सभी शर्तो का अक्षरशः अनुपालन करना होगा और इस सम्बन्ध में निर्धारित शुल्क इत्यादि का भी पूरा भुगतान करना होगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह है कि आप सभी प्रजेन्टेशन के माध्यम से दिखाये जाने वाले विभिन्न क्षेत्रों की नदी–नालों के द्वारा तथा सम्बन्धित क्षेत्रों का अपने स्तर से पूर्व निरीक्षण करके यह जांच लें कि मटेरियल कितना है, उसकी गुणवत्ता क्या है और वहां तक पंहुचने सभी बातों से पूर्व में संतुष्ट होने के पश्चात ही बोली में प्रतिभाग करें।

### दो यात्रियों की मौत

देहरादून संवाददाता। केदानाथ यात्रा पर आए दो और तीर्थयात्रियों की हृदयगति रूकने से मौत हो गई। अब तब यात्रा पर आए कुल 26 यात्रियों की मौत हो चुकी है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।